पीपुल्स समाचार

इंदौर, सोमवार 11 जुलाई 2016

सायबर सुरक्षा 'संदेश' अभियान

हमें अपडेट रहना होगा : वरुण कपूर

पीपुल्स संवाददाता, इंदौर। सायबर सुरक्षा संदेश के तहत 155वीं कार्यशाला का आयोजन क्वींस कॉलेज में किया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्राएं और शिक्षक शामिल हुए।

पीआरटीएस के निदेशक व अभियान के प्रणेता वरुण कपूर ने बताया कि प्रथम सत्र में उनके द्वारा उपस्थित जन-समूह को सायबर सुरक्षा के अहम् पहलुओं की जानकारी दी गई और यह भी बताया कि आज बदलाव की गति अत्यंत ही तेज है, इसलिए हमेशा अपने आप को अपडेट रखना होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करें व इसका शिकार बनने से बचे। वास्तविक व काल्पनिक दुनिया की जानकारी देते हुए बताया कि जिस प्रकार असली दुनिया में हम सुरक्षित रहकर अपना जीवन-यापन करते हैं, उसी प्रकार इस काल्पनिक दुनिया में भी स्वयं को सुरक्षित रखने के प्रयास करना चाहिए। इससे नियमों व कानूनों का पूर्ण ज्ञान रखते हुए विधिवत कार्रवाई की जाए। विद्यार्थियों ने प्रश्न व उत्तर के माध्यम से वरुण कपूर ने सीधा संवाद स्थापित किया एवं अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस मौके पर संस्था के निदेशक रमेश मूलचंदानी, प्रिंसिपल रेणु गुरनानी, वाइस प्रिंसिपल मोनिका कपूर मौजूद रही।